Roll No ....

Total No. of Questions – **11**

Total No. of Printed Pages – **24**

Time Allowed – **3** Hours

Maximum Marks – **100**

FDG-H

Answers to questions are to be given only in English except in the case of candidates who have opted for Hindi Medium. If a candidate who has not opted for Hindi Medium, his/her answers in Hindi will not be valued.

SECTION – A **60 Marks**

Question No. **1** is compulsory.

Candidates are also required to answer any **Four** questions from the remaining **Five** questions.

Working notes should form part of the respective answers.

Marks

1. (a) Following information are given for a company : 5

Earnings per share	₹ 10
P/E ratio	12.5
Rate of return on investment	12%
Market price per share as per Walter's model	₹130

You are required to calculate :

(i) Dividend payout ratio.

(ii) Market price of share at optimum dividend payout ratio.

(iii) P/E ratio, at which the dividend policy will have no effect on the price of share.

(iv) Market price of share at this P/E ratio.

(v) Market price of share using Dividend growth model.

www.CAclubindia.com

Marks

(b) A company has current sale of ₹ 12 lakhs per year. The profit-volume ratio is 20% and post-tax cost of investment in receivables is 15%. The current credit terms are 1/10, net 50 days and average collection period is 40 days. 50% of customers in terms of sales revenue are availing cash discount and bad debt is 2% of sales. 5

In order to increase sales, the company want to liberalize its existing credit terms to 2/10, net 35 days. Due to which, expected sales will increase to ₹ 15 lakhs. Percentage of default in sales will remain same. Average collection period will decrease by 10 days. 80% of customers in terms of sales revenue are expected to avail cash discount under this proposed policy.

Tax rate is 30%.

ADVISE, should the company change its credit terms. (Assume 360 days in a year.)

(c) A company wants to invest in a project. This requires an initial investment of ₹ 4,50,000. Salvage value after estimated useful life of 5 years is ₹ 50,000. Other details of project are as follows : 5

	Worst case	**Most likely**	**Best case**
Contribution (₹)	3,30,000	5,40,000	6,31,250
Fixed cost (excluding depreciation) (₹)	75,000	1,50,000	2,00,000

Tax rate is 40%. Expected cost of capital of project is 12%. Ignore tax on capital gain.

(i) Calculate NPV in each scenario.

www.CAclubindia.com

Marks

(ii) The company is certain about most likely result in first two years, but uncertain about remaining period. In such a situation, calculate NPV expecting worst case scenario during next two years and best case scenario in the remaining period.

Years	1	2	3	4	5
$PVIF_{0.12,t}$	0.893	0.797	0.712	0.636	0.567
$PVIFA_{0.12,t}$	0.893	1.690	2.402	3.038	3.605

(d) Following information is given for X Ltd. : 5

Total contribution (₹)	4,25,000
Operating leverage	3.125
15% Preference shares (₹ 100 each)	1,000
Number of equity shares	2,500
Tax rate	50%

Calculate EPS of X Ltd., if 40% decrease in sales will result EPS to zero.

2. Following information and ratios are given in respect of AQUA Ltd. for the year ended 31st March, 2023 : 10

Current ratio	4.0
Acid test ratio	2.5
Inventory turnover ratio (based on sales)	6
Average collection period (days)	70
Earnings per share	₹ 3.5
Current liabilities	₹ 3,10,000
Total assets turnover ratio (based on sales)	0.96
Cash ratio	0.43
Proprietary ratio	0.48
Total equity dividend	₹1,75,000
Equity dividend coverage ratio	1.60

Assume 360 days in a year.

www.CAclubindia.com

Marks

You are required to complete Balance Sheet as on 31st March, 2023.

Balance Sheet as on 31st March, 2023

Liabilities	₹	Assets	₹
Equity share capital (₹ 10 per share)	xxx	Fixed assets	xxx
Reserves & surplus	xxx	Inventory	xxx
Long-term debt	xxx	Debtors	xxx
Current liabilities	3,10,000	Loans & advances	xxx
		Cash & bank	xxx
Total	xxx	Total	xxx

3. The following information pertains to CIZA Ltd. : 10

Capital Structure :	₹
Equity share capital (₹10 each)	8,00,000
Retained earnings	20,00,000
9% Preference share capital (₹100 each)	12,00,000
12% Long-term loan	10,00,000
Interest coverage ratio	8
Income tax rate	30%
Price –earnings ratio	25

The company is proposed to take up an expansion plan, which requires an additional investment of ₹ 34,50,000. Due to this proposed expansion, earnings before interest and taxes of the company will increase by ₹ 6,15,000 per annum. The additional fund can be raised in following manner :

- By issue of equity shares at present market price, or
- By borrowing 16% Long-term loans from bank.

www.CAclubindia.com

Marks

You are informed that Debt-equity ratio (Debt / Shareholders' fund) in the range of 50% to 80% will bring down the price-earnings ratio to 22 whereas; Debt-equity ratio over 80% will bring down the price-earnings ratio to 18.

Required :

Advise which option is most suitable to raise additional capital so that the Market Price per Share (MPS) is maximised.

4. Capital structure of D Ltd. as on 31st March, 2023 is given below : 10

Particulars	₹
Equity share capital (₹ 10 each)	30,00,000
8% Preference share capital (₹100 each)	10,00,000
12% Debentures (₹ 100 each)	10,00,000

- Current market price of equity share is ₹ 80 per share. The company has paid dividend of ₹ 14.07 per share. Seven years ago, it paid dividend of ₹ 10 per share. Expected dividend is ₹ 16 per share.
- 8% Preference shares are redeemable at 6% premium after five years. Current market price per preference share is ₹ 104.
- 12% debentures are redeemable at 20% premium after 10 years. Flotation cost is ₹ 5 per debenture.
- The company is in 40% tax bracket.
- In order to finance an expansion plan, the company intends to borrow 15% Long-term loan of ₹ 30,00,000 from bank. This financial decision is expected to increase dividend on equity share from ₹16 per share to ₹ 18 per share. However, the market price of equity share is expected to decline from ₹ 80 to ₹ 72 per share, because investors' required rate of return is based on current market conditions.

www.CAclubindia.com

Marks

Required :

(i) Determine the existing Weighted Average Cost of Capital (WACC) taking book value weights.

(ii) Compute Weighted Average Cost of Capital (WACC) after the expansion plan taking book value weights.

Interest Rate	1%	2%	3%	4%	5%	6%	7%
$FVIF_{i,5}$	1.051	1.104	1.159	1.217	1.276	1.338	1.403
$FVIF_{i,6}$	1.062	1.126	1.194	1.265	1.340	1.419	1.501
$FVIF_{i,7}$	1.072	1.149	1.230	1.316	1.407	1.504	1.606

5 Four years ago, Z Ltd. had purchased a machine of ₹ 4,80,000 having estimated useful life of 8 years with zero salvage value. Depreciation is charged using SLM method over the useful life. The company want to replace this machine with a new machine. Details of new machine are as below : 10

- Cost of new machine is ₹ 12,00,000. Vendor of this machine is agreed to take old machine at a value of ₹ 2,40,000. Cost of dismantling and removal of old machine will be ₹ 40,000. 80% of net purchase price will be paid on spot and remaining will be paid at the end of one year.
- Depreciation will be charged @ 20% p.a. under WDV method.
- Estimated useful life of new machine is four years and it has salvage value of ₹ 1,00,000 at the end of year four.
- Incremental annual sales revenue is ₹ 12,25,000.
- Contribution margin is 50%.
- Incremental indirect cost (excluding depreciation) is ₹ 1,18,750 per year.

Marks

- Additional working capital of ₹ 2,50,000 is required at the beginning of year one and ₹ 3,00,000 at the beginning of year three. Working capital at the end of year four will be nil.
- Tax rate is 30%.
- Ignore tax on capital gain.

Z Ltd. will not make any additional investment, if it yields less than 12%.

Advice, whether existing machine should be replaced or not.

Year	1	2	3	4	5
$PVIF_{0.12,t}$	0.893	0.797	0.712	0.636	0.567

6. (a) List out the conditions, framed by SEBI, which a company needs to fulfil in order to issue of bonus shares. **4**

(b) "Permanent working capital and fluctuating (temporary) working capital, both are necessary to facilitate production and sales through the operating cycle." – Describe. **4**

(c) Briefly explain concept of "Trading on Equity" in financial leverage analysis. **2**

OR

Discuss features of Secured Premium Notes. **2**

www.CAclubindia.com

Marks

SECTION – B 40 Marks

Question No. 7 is compulsory.

Answer any **Three** questions from the rest.

Working notes should form part of the respective answers.

7. (a) The following information relating to a particular financial year of a country is given below : 3

Particulars	Amount (₹ in crore)
Private final consumption expenditure	1620
Government final consumption expenditure	750
Net domestic fixed investment	500
Export	400
Import	440
Net Factor Income from Abroad	20
Net Indirect Taxes	100

You are required to compute the National Income of the country by using Expenditure Method.

(b) Compute the Reserve Money from the following data relating to 31st March, 2023 : 2

Particulars	(₹ in crore)
Currency in Circulation	28637
Bank Deposits with RBI	5673
Post Office Deposits	400
Other Deposits with RBI	210

(c) Explain the differences between Foreign Direct Investment (FDI) and Foreign Portfolio Investment (FPI). 3

(d) Describe the name and salient features of the fiscal policy for combating inflationary pressures in the economy. 2

www.CAclubindia.com

Marks

8. (a) (i) Following information is related to an economy : 3

Autonomous consumption	₹ 1,000 crore
Marginal propensity to consume	0.8
Equilibrium level of income	₹ 10,000 crore

You are required to calculate the investment expenditure and consumption expenditure of the economy.

(ii) Explain the government interventions for combating the market failures due to information problem. 2

(b) (i) Compute M1 and M4 from the following data relating to 31st March, 2023 : 3

(₹ in crore)

Notes in circulation	3,01,78,670
Circulation of rupee coins	6,48,902
Demand deposits with banks	1,41,31,650
Time Deposits with Banks	31,24,276
Cash in hand with banks	7,64,130
Other Deposits with RBI	3,98,048
Post Office Savings Deposits	2,02,684
Post Office National Savings Certificates (NSCs)	820

(ii) Describe the exchange rate regime that is commonly used by the countries in real world. 2

9. (a) (i) Two Countries G and H are producing Sugar and Steel. The table given below shows the number of labour hours required to produce Sugar and Steel : 3

Commodity	Country G	Country H
One Unit of Sugar	6.0	2.0
One Unit of Steel	2.5	5.0

(A) Compute the Productivity of labour in both countries in respect of both commodities.

(B) Which country has absolute advantage of production of Steel ?

(C) Which country has absolute advantage of production of Sugar ?

www.CAclubindia.com

Marks

(ii) In an economy investments have been increased by ₹ 5,000 crore. The Marginal Propensity to Consume (MPC) is 0.82. **2**

You are required to compute the total increase in income and saving in the economy.

(b) (i) Discuss the similarities between Fisher's Transaction approach and Cambridge Cash Balance approach **3**

(ii) Explain the following terms : **2**

- Stagflation
- Contagion Effect

10. (a) (i) Following information relating to a developing country is available to you : **3**

Investment (I)	₹ 140 crore
Government Expenditure (G)	₹ 90 crore
Export (X)	₹ 100 crore
Consumption Function (C) =	80 + 0.8 Yd(Disposable Income)
Import (M) =	50 + 0.09Y(Income)
Tax (T)	0.2 Y (Income)

You are required to :

(A) Find out equilibrium level of income (Y).

(B) Calculate foreign trade multiplier.

(C) Calculate net export if investment is increased by ₹ 30 crore.

(ii) A customer of a bank deposits ₹ 50,000 in his bank. The bank is required to keep a cash reserve of 20 percent to meet the demand for cash by its depositors. **2**

Calculate the amount of bank deposits the banking system as a whole would generate on the basis of such deposit by the customer.

www.CAclubindia.com

Marks

(b) (i) Is World Trade Organisation (WTO) better than General Agreement on Tariffs and Trade (GATT) ? Explain with reasons. 3

(ii) Write down the name of the terms used in the analysis of the effect of externalities in the following conditions: 2

(A) The change in the cost to parties other than the producer or buyer of a good or service due to an additional unit of the good or service.

(B) The change in society's total benefits associated with an additional unit of good or service.

(C) The change in the benefit to parties other than the producer or buyer of a good or service due to an additional unit of the good or service.

(D) The change in society's total cost brought about by an additional unit of a good or service.

11. (a) (i) Suppose in an economy, government expenditure is increased by ₹ 10 crore and taxes increased by ₹ 5 crore. Spending multiplier of the economy is 5. What impact would such increase have on GDP ? 3

(ii) Calculate the arbitrage for £2,00,000 from the following details: 2

£1 = ₹100

US $ 1= ₹80

£1=US $ 1.30 in UK

(b) (i) Repo injects liquidity into the system whereas the reverse repo absorbs the liquidity from the system. In the light of this statement briefly state the impact of high repo and reverse repo rate on a developing economy. 3

www.CAclubindia.com

Marks

(ii) What steps are to be taken by the Government as instruments of trade policy in the following cases ? 2

(A) There is severe shortage of an essential product X in Indian domestic market due to its less production.

(B) The export of product Y is decreasing continuously due to cost and competition in the international market.

OR

Describe any two reasons for leakages which are responsible for decline in income. 2

www.CAclubindia.com

Marks

(Hindi Version)

उन परीक्षार्थियों को छोड़कर जिन्होंने हिन्दी माध्यम चुना है, प्रश्नों के उत्तर केवल अंग्रेजी में ही देने हैं ।

वह परीक्षार्थी जिसने हिन्दी माध्यम नहीं चुना है, यदि हिन्दी में उत्तर देता है,

तो उसके हिन्दी में दिये गये उत्तरों का मूल्यांकन नहीं होगा ।

भाग – अ **Marks : 60**

प्रश्न संख्या 1 अनिवार्य है ।

शेष पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

कार्य टिप्पणियाँ (Working Notes) उत्तर का भाग होनी चाहिए ।

www.CAclubindia.com

Marks

1. (a) एक कम्पनी के लिए निम्नलिखित सूचनाएँ दी गई हैं : 5

प्रति अंश आय	₹ 10
P/E अनुपात	12.5
निवेश पर प्रतिफल की दर	12%
वाल्टर मॉडल के अनुसार प्रति अंश बाजार मूल्य	₹ 130

आपको गणना करनी है :

(i) लाभांश भुगतान अनुपात ।

(ii) इष्टतम लाभांश भुगतान अनुपात पर अंश का बाजार मूल्य ।

(iii) P/E अनुपात, जहाँ लाभांश नीति का अंश के मूल्य पर कोई प्रभाव न हो ।

(iv) इस P/E अनुपात पर अंश का बाजार मूल्य ।

(v) लाभांश वृद्धि मॉडल का प्रयोग करते हुए अंशों का बाजार मूल्य ।

Marks

(b) एक कम्पनी की वर्तमान वार्षिक बिक्री ₹ 12 लाख है। लाभ–मात्रा अनुपात 20% है और कर पश्चात प्राप्य खातों में निवेश की लागत 15% है। वर्तमान उधार शर्तें 1/10, शुद्ध 50 दिन है और औसत संग्रह अवधि 40 दिन है। विक्रय मूल्य के संदर्भ में 50% उपभोक्ता नकद छूट का उपयोग करते हैं और अशोध्य ऋण विक्रय का 2% है। **5**

विक्रय में वृद्धि के लिए, कम्पनी अपनी वर्तमान उधार शर्तों में उदारीकरण करके 2/10, शुद्ध 35 दिन करना चाहती है। जिसके कारण अनुमानित विक्रय बढ़कर ₹ 15 लाख हो जाएगा। विक्रय में भुगतान न करने वालों का प्रतिशत समान रहेगा। औसत संग्रह अवधि 10 दिन से कम हो जाएगी। इस प्रस्तावित नीति के अन्तर्गत, विक्रय मूल्य के संदर्भ में 80% उपभोक्ता द्वारा नकद छूट का उपयोग करना अपेक्षित है।

कर दर 30% है।

सलाह दीजिए, क्या कम्पनी को अपनी उधार शर्तों में बदलाव करना चाहिए। (एक वर्ष में 360 दिन मान लीजिए।)

(c) एक कम्पनी एक परियोजना में निवेश करना चाहती है। इसके लिए ₹ 4,50,000 के प्रारम्भिक विनियोग की आवश्यकता होगी। 5 वर्षों के अनुमानित उपयोगी जीवन के पश्चात अवशिष्ट मूल्य ₹ 50,000 है। परियोजना के अन्य विवरण निम्न प्रकार हैं : **5**

	सबसे कम अनुमान	उच्च अनुमान	सर्वश्रेष्ठ अनुमान
योगदान (₹)	3,30,000	5,40,000	6,31,250
स्थिर लागत (ह्रास से पृथक) (₹)	75,000	1,50,000	2,00,000

कर दर 40% है। परियोजना पूँजी की अनुमानित लागत 12% है। पूँजीगत लाभ कर पर ध्यान न दें।

(i) प्रत्येक परिदृश्य में NPV की गणना कीजिए।

www.CAclubindia.com

Marks

(ii) कम्पनी प्रथम 2 वर्षों में उच्च अनुमान के बारे में निश्चित है परन्तु बाकी समय के बारे में अनिश्चित है । इस परिस्थिति में, अगले दो वर्षों में सबसे कम अनुमान और बाकी समय में सर्वश्रेष्ठ अनुमान की उम्मीद करते हुए NPV की गणना कीजिए ।

वर्ष	1	2	3	4	5
$PVIF_{0.12,t}$	0.893	0.797	0.712	0.636	0.567
$PVIFA_{0.12,t}$	0.893	1.690	2.402	3.038	3.605

(d) X लिमिटेड के लिए निम्न सूचनाएँ प्रदान की गई हैं : 5

कुल योगदान (₹)	4,25,000
परिचालन उत्तोलन	3.125
15% अधिमान अंश (₹ 100 प्रत्येक)	1,000
समता अंशों की संख्या	2,500
कर दर	50%

X लिमिटेड के EPS की गणना कीजिए, यदि विक्रय में 40% गिरावट के परिणामस्वरूप EPS शून्य हो जाता है ।

2. 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए AQUA Ltd. से सम्बन्धित निम्नलिखित सूचनाएँ और अनुपात दिए गए हैं : 10

चालू अनुपात	4.0
एसिड परीक्षण अनुपात	2.5
स्कन्ध आवर्त अनुपात (विक्रय पर आधारित)	6
औसत वसूली अवधि (दिन)	70
प्रति अंश आय	₹ 3.5
चालू दायित्व	₹ 3,10,000
कुल सम्पत्ति कारोबार अनुपात (विक्रय पर आधारित)	0.96
नकदी अनुपात	0.43
स्वामित्व अनुपात	0.48
कुल समता लाभांश	₹1,75,000
समता लाभांश क्षेत्र अनुपात	1.60

एक वर्ष में 360 दिन माने ।

www.CAclubindia.com

Marks

आपको 31 मार्च, 2023 को आर्थिक चिट्ठा पूर्ण करना है ।

31 मार्च, 2023 को आर्थिक चिट्ठा

दायित्व	₹	सम्पत्तियाँ	₹
समता अंश पूँजी (₹ 10 प्रति अंश)	xxx	स्थायी सम्पत्तियाँ	xxx
संचय और अधिशेष	xxx	स्कन्ध	xxx
दीर्घकालीन ऋण	xxx	देनदार	xxx
चालू दायित्व	3,10,000	ऋण एवं अग्रिम	xxx
		रोकड़ एवं बैंक	xxx
कुल	xxx	कुल	xxx

3. निम्नलिखित सूचनाएँ CIZA Ltd. से सम्बन्धित हैं : 10

पूँजी संरचना :	₹
समता अंश पूँजी (₹ 10 प्रत्येक)	8,00,000
प्रतिधारित आय	20,00,000
9% अधिमान अंश पूँजी (₹ 100 प्रत्येक)	12,00,000
12% दीर्घावधि ऋण	10,00,000
ब्याज क्षेत्र अनुपात	8
आयकर दर	30%
मूल्य–आय अनुपात	25

कम्पनी द्वारा एक विस्तारित परियोजना प्रस्तावित है, जिसके लिए ₹ 34,50,000 के अतिरिक्त निवेश की आवश्यकता है । इस प्रस्तावित विस्तार के कारण, कम्पनी की ब्याज और करों से पहले की आय ₹ 6,15,000 प्रति वर्ष से बढ़ जाएगी । अतिरिक्त निधि निम्नलिखित तरीकों से जुटाई जा सकती है :

- वर्तमान बाजार मूल्य पर समता अंश जारी करके, अथवा
- बैंक से 16% दीर्घावधि ऋण उधार लेकर

www.CAclubindia.com

आपको सूचित किया जाता है कि 50% से 80% श्रेणी में ऋण-समता अनुपात (ऋण/अंशधारकों के फंड) मूल्य-आय अनुपात को घटाकर 22 पर ले आएगा जबकि 80% से ऊपर ऋण-समता अनुपात, मूल्य-आय अनुपात को घटाकर 18 पर ले आएगा ।

अपेक्षित :

सलाह दीजिए कि अतिरिक्त पूँजी को जुटाने का सबसे अधिक सही विकल्प कौन सा होगा ताकि बाजार मूल्य प्रति अंश (MPS) अधिकतम हो ।

4. 31 मार्च, 2023 को D Ltd. की पूँजी संरचना निम्न प्रकार दी गई है : 10

विवरण	₹
समता अंश पूँजी (₹ 10 प्रत्येक)	30,00,000
8% अधिमान अंश पूँजी (₹100 प्रत्येक)	10,00,000
12% ऋणपत्र (₹ 100 प्रत्येक)	10,00,000

- समता अंश का वर्तमान बाजार मूल्य ₹ 80 प्रति अंश है । कम्पनी ने ₹ 14.07 प्रति अंश लाभांश भुगतान किया है । सात वर्ष पूर्व, इसने ₹ 10 प्रति अंश लाभांश का भुगतान किया था । अनुमानित लाभांश ₹ 16 प्रति अंश है ।
- 8% अधिमान अंश पाँच वर्ष पश्चात 6% प्रीमियम पर शोधनीय है । प्रत्येक अधिमान अंश का वर्तमान बाजार मूल्य ₹ 104 है ।
- 12% ऋणपत्र 10 वर्ष पश्चात 20% प्रीमियम पर शोधनीय है । जारी करने की लागत ₹ 5 प्रति ऋणपत्र है ।
- कम्पनी 40% कर के दायरे में है ।
- एक फैलाव योजना को वित्त करने के लिए कम्पनी बैंक से ₹ 30,00,000 का 15% दीर्घावधि ऋण उधार लेना चाहती है । इस वित्तीय निर्णय के कारण समता अंश पूँजी पर लाभांश ₹ 16 प्रति अंश से ₹ 18 प्रति अंश होना अनुमानित है । तथापि प्रति समता अंश बाजार मूल्य में ₹ 80 से ₹ 72 प्रति अंश का पतन अनुमानित है क्योंकि निवेशक की अपेक्षित प्रतिफल की दर वर्तमान बाजार परिस्थितियों पर आधारित है ।

www.CAclubindia.com

Marks

अपेक्षित :

(i) पुस्तक मूल्य भार का उपयोग करके वर्तमान भारित औसत पूँजी की लागत (WACC) को निर्धारित कीजिए ।

(ii) फैलाव योजना के बाद पुस्तक मूल्य भार का उपयोग करके भारित औसत पूँजी की लागत (WACC) की गणना कीजिए ।

ब्याज दर	1%	2%	3%	4%	5%	6%	7%
$FVIF_{i,5}$	1.051	1.104	1.159	1.217	1.276	1.338	1.403
$FVIF_{i,6}$	1.062	1.126	1.194	1.265	1.340	1.419	1.501
$FVIF_{i,7}$	1.072	1.149	1.230	1.316	1.407	1.504	1.606

www.CAclubindia.com

5. चार वर्ष पूर्व, Z लिमिटेड ने एक मशीन ₹ 4,80,000 में खरीदी जिसका अनुमानित उपयोगी जीवन 8 वर्ष और अवशिष्ट मूल्य शून्य है । उपयोगी जीवन पर ह्रास सीधी रेखा पद्धति (SLM) के अनुसार लगाया जाता है । कम्पनी इस मशीन को एक नई मशीन के साथ बदलना चाहती है । नई मशीन का विवरण निम्न प्रकार हैं : 10

- नई मशीन की लागत ₹ 12,00,000 है । इस मशीन का विक्रेता पुरानी मशीन को ₹ 2,40,000 के मूल्य पर लेने के लिए सहमत है । पुरानी मशीन को उखाड़ने और हटाने की लागत ₹ 40,000 होगी । शुद्ध क्रय मूल्य के 80% का भुगतान तुरन्त किया जाएगा और बाकी का भुगतान एक वर्ष के अन्त में किया जाएगा ।
- ह्रास @ 20% प्रति वर्ष अपलिखित (WDV) पद्धति के अनुसार लगाया जाएगा ।
- नई मशीन का अनुमानित उपयोगी जीवन चार वर्ष है और चार वर्ष के अन्त में इसका अवशिष्ट मूल्य ₹ 1,00,000 है ।
- अतिरिक्त वार्षिक विक्रय आगम ₹ 12,25,000 है ।
- योगदान लाभ 50% है ।
- अतिरिक्त अप्रत्यक्ष लागत (ह्रास रहित) ₹ 1,18,750 प्रतिवर्ष है ।

Marks

- प्रथम वर्ष के प्रारम्भ में ₹ 2,50,000 तथा तीसरे वर्ष के प्रारम्भ में ₹ 3,00,000 अतिरिक्त कार्यशील पूँजी की आवश्यकता है । चौथे वर्ष के अन्त में कार्यशील पूँजी शून्य होगी ।
- कर दर 30% है ।
- पूँजीगत लाभ कर पर ध्यान न दें ।

Z लिमिटेड कोई अतिरिक्त निवेश नहीं करेगी यदि 12% से कम अर्जित होता है ।

सलाह दीजिए, क्या वर्तमान मशीन बदलनी चाहिए अथवा नहीं ।

वर्ष	1	2	3	4	5
$PVIF_{0.12,t}$	0.893	0.797	0.712	0.636	0.567

6. (a) सेबी द्वारा जारी, उन शर्तों को सूचीबद्ध कीजिए जिन्हें एक कम्पनी को स्टाक लाभांश (बोनस शेयर्स) जारी करने के लिए पूरा करना आवश्यक है । 4

(b) "स्थायी कार्यशील पूँजी और उच्चावचित (अस्थायी) कार्यशील पूँजी, दोनों परिचालन चक्र के द्वारा उत्पादन तथा विक्रय के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक है ।" – वर्णन कीजिए । 4

(c) वित्तीय उत्तोलन के विश्लेषण में "अंशों पर व्यापार" अवधारणा का संक्षिप्त में वर्णन कीजिए । 2

अथवा

संरक्षित अधिमूल्य नोट की विशेषताओं पर चर्चा कीजिए । 2

www.CAclubindia.com

Marks

भाग – ब

Marks : 40

प्रश्न संख्या 7 अनिवार्य है ।

शेष प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

कार्य टिप्पणियाँ (Working Notes) उत्तर का भाग होनी चाहिए ।

7. (a) देश के किसी विशेष वित्त वर्ष से सम्बन्धित निम्नलिखित जानकारी दी गयी है : 3

विवरण	धनराशि (₹ करोड़ में)
निजी अन्तिम उपभोग व्यय	1620
सरकारी अन्तिम उपभोग व्यय	750
शुद्ध घरेलू स्थायी निवेश	500
निर्यात	400
आयात	440
विदेश से शुद्ध कारक आय	20
शुद्ध अप्रत्यक्ष कर	100

आपको व्यय विधि का उपयोग करते हुए देश की राष्ट्रीय आय की गणना करनी है ।

(b) 31 मार्च, 2023 से सम्बन्धित निम्नलिखित आँकड़ों से आरक्षित मुद्रा की गणना करें : 2

विवरण	(₹ करोड़ में)
चलन में मुद्रा	28637
आर.बी.आई. में बैंकों की जमा	5673
डाक घर में जमा	400
आर.बी.आई. में अन्य जमा	210

(c) विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (FDI) और विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (FPI) के बीच अंतर स्पष्ट करें । 3

(d) अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति दबाव से निपटने के लिए राजकोषीय नीति के नाम और उसकी मुख्य विशेषताओं की विवेचना कीजिए । 2

www.CAclubindia.com

Marks

8. (a) (i) एक अर्थव्यवस्था से सम्बन्धित निम्नलिखित जानकारी है : 3

स्वायत्त उपभोग	₹ 1,000 करोड़
सीमांत उपभोग प्रवृत्ति	0.8
आय का संतुलन स्तर	₹ 10,000 करोड़

आपको अर्थव्यवस्था के निवेश व्यय और उपभोग व्यय की गणना करनी है ।

(ii) सूचना समस्याओं के कारण बाजार की विफलता की समस्या से निपटने के लिए सरकारी हस्तक्षेपों का उल्लेख करें । 2

(b) (i) 31 मार्च, 2023 से सम्बन्धित निम्नलिखित आँकड़ों से M1 और M4 की गणना करें : 3

(₹ करोड़ में)

प्रचलन में नोट	3,01,78,670
रुपये के सिक्के प्रचलन में	6,48,902
बैंकों में माँग जमा	1,41,31,650
बैंकों में सावधि जमा	31,24,276
बैंकों में नगद जमा	7,64,130
आर.बी.आई. में अन्य जमा	3,98,048
डाकघर बचत जमा	2,02,684
डाकघर राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र (NSCs)	820

(ii) वास्तविक दुनिया में देशों द्वारा सामान्यतया प्रयोग में लाए जाने वाले विनिमय दर के नियम की व्याख्या करें । 2

www.CAclubindia.com

Marks

9. (a) (i) दो देश G और H चीनी और स्टील का उत्पादन करते हैं। नीचे दी गई तालिका चीनी और स्टील के उत्पादन हेतु आवश्यक श्रम-घण्टों की संख्या को दर्शाती है : 3

वस्तु	देश G	देश H
चीनी की 1 इकाई	6.0	2.0
स्टील की 1 इकाई	2.5	5.0

(A) दोनों वस्तुओं के सन्दर्भ में दोनों देशों में श्रम की उत्पादकता की गणना करें।

(B) स्टील के उत्पादन में किस देश को निरपेक्ष सुलाभ है ?

(C) चीनी के उत्पादन में किस देश को निरपेक्ष सुलाभ है ?

(ii) एक अर्थव्यवस्था में ₹ 5,000 करोड़ के निवेश की वृद्धि हुई है। सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) 0.82 है। 2

आपको अर्थव्यवस्था में आय और बचत में हुई कुल वृद्धि की गणना करनी है।

(b) (i) फिशर के लेन-देन दृष्टिकोण और कैम्ब्रिज नकद बैलेन्स दृष्टिकोण के बीच समानताओं की विवेचना कीजिए। 3

(ii) निम्नलिखित पदों की व्याख्या करें : 2

- निस्पंद स्फीति (Stagflation)
- संक्रमण प्रभाव (Contagion Effect)

10. (a) (i) एक विकासशील देश से सम्बन्धित निम्नलिखित जानकारी आपको उपलब्ध है : 3

निवेश (I)	₹ 140 करोड़
सरकारी खर्च (G)	₹ 90 करोड़
निर्यात (X)	₹ 100 करोड़
उपभोग फलन (C) =	80 + 0.8 Yd (प्रयोज्य आय)
आयात (M) =	50 + 0.09Y (आय)
कर (T)	0.2 Y (आय)

www.CAclubindia.com

Marks

आपसे अपेक्षित है कि :

(A) आय (Y) के संतुलन स्तर का पता लगायें ।

(B) विदेशी व्यापार गुणक की गणना करें ।

(C) यदि निवेश में ₹ 30 करोड़ की वृद्धि कर दी जाए तब शुद्ध निर्यात की गणना कीजिए ।

(ii) एक बैंक का ग्राहक अपने बैंक में ₹ 50,000 जमा करता है । अपने जमाकर्त्ताओं द्वारा नकदी की माँग को पूरा करने के लिए बैंक को 20 प्रतिशत कैश रिजर्व रखना आवश्यक है । 2

ग्राहक द्वारा ऐसी जमा राशि के आधार पर समग्र रूप से बैंकिंग प्रणाली द्वारा उत्पन्न बैंक जमा की राशि की गणना करें ।

(b) (i) क्या विश्व व्यापार संगठन (WTO) प्रशुल्क एवं व्यापार सम्बन्धी सामान्य अनुबंध (GATT) से बेहतर है ? कारण सहित समझाएँ । 3

(ii) निम्नलिखित स्थितियों में बाह्यताओं के प्रभाव के विश्लेषण में प्रयुक्त शब्दों (terms) के नाम लिखिए : 2

(A) वस्तु या सेवा की एक अतिरिक्त इकाई के कारण किसी वस्तु या सेवा के निर्माता या खरीददार के अलावा अन्य पक्षों की लागत में परिवर्तन ।

(B) वस्तु या सेवा की एक अतिरिक्त इकाई से सम्बन्धित समाज के कुल लाभों में परिवर्तन ।

(C) वस्तु या सेवा की एक अतिरिक्त इकाई के कारण किसी वस्तु या सेवा के निर्माता या खरीददार के अलावा अन्य पक्षों को होने वाले लाभ में परिवर्तन ।

(D) किसी वस्तु या सेवा की एक अतिरिक्त इकाई द्वारा समाज की कुल लागत में परिवर्तन ।

www.CAclubindia.com

Marks

11. (a) (i) मान लीजिए एक अर्थव्यवस्था में सरकारी खर्च में ₹ 10 करोड़ की वृद्धि होती है और करों में ₹ 5 करोड़ की वृद्धि होती है । उस अर्थव्यवस्था का व्यय गुणक 5 है । इस तरह की वृद्धि का GDP पर क्या असर पड़ेगा ? 3

(ii) निम्नलिखित विवरण से £2,00,000 के लिए ऑर्बिट्रेज (arbitrage) की गणना करें : 2

£1 = ₹ 100

US $ 1= ₹ 80

£1=US $ 1.30 UK में

(b) (i) रेपो सिस्टम में तरलता को निविष्ट करता है जबकि रिवर्स रेपो सिस्टम से तरलता को अवशोषित करता है । इस कथन के आलोक में एक विकासशील अर्थव्यवस्था पर उच्च रेपो और रिवर्स रेपो दर के प्रभावों की संक्षेप में व्याख्या करें । 3

(ii) व्यापार नीति के साधन के रूप में सरकार द्वारा निम्नलिखित स्थितियों में क्या कदम उठाये जाने चाहिए ? 2

(A) कम उत्पादन होने की वजह से एक आवश्यक उत्पाद X की भारतीय घरेलू बाजार में अत्यधिक कमी है ।

(B) अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में लागत और प्रतिस्पर्धा के कारण उत्पाद Y का निर्यात लगातार गिर रहा है ।

अथवा

रिसाव के किन्हीं दो कारणों का वर्णन कीजिए जो आय में गिरावट के लिए उत्तरदायी हैं । 2

---

www.CAclubindia.com